# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 26 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल-द्वादशी
विक्रम संवत-2083


**PAGE NO 6 : TOP**

## रिद्धिमा में सजी मुशायरे की शाम

**बरेली।** स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में बृहस्पतिवार को मुशायरे की शाम बज्म-ए-सुखन का आयोजन हुआ। इसमें शायर इमरान सैदपुरी, तस्लीम बानो, सरवत परवेज सहसवानी, मिर्जा मखदूम बेग बरेलवी और सुरेन्द्र नाज बदायूंनी ने अपने कलाम पढ़े। आगाज इमरान सैदपुरी ने किया। कार्यक्रम की निजामत फरदीन अहमद खान ने की। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना व डॉ.रीता शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद